19 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 7/19/2024 10:48 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 20 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



3 सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी, घटिया निर्माण को छिपाने कर रहे पेच रिपेयरिंग

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

चैतन्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल सइंस 6260864817 8461868812
ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT 3 YEAR | CCH 1 YEAR
DMLT 2 YEAR | Dialysis 2 YEAR
Opthalmic 2 YEAR | X-RAY 1 YEAR
OT 1 YEAR | MPHW 1 YEAR
Dresser 1 YEAR | OUR BRANCH अम्बिकापुर रायपुर बिलासपुर बस्तर

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

## पिकअप से बचने का प्रयास किया तो ट्रक ने कुचला

# एनएच 43 पर ट्रक की टक्कर से महिला मासूम बच्चे समेत तीन की गई जान



एनएच पर मृतकों का शव, इनसेट में ट्रक के नीचे बाइक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर/सेदम

शुक्रवार की दोपहर एनएच 43 पर हुए भीषण हादसे में महिला व मासूम बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक का पहिया बाइक सवारों को कुचलते हुए आगे निकल गया और बाइक ट्रक के पिछले पहिए में फंस गई। घटना के बाद कुचलने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बात यह रही कि घटना के बाद सड़क पर पड़े मृतक के मोबाइल फोन को असामाजिक तत्व चोरी कर ले गए। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त की। फिलहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

**खास बात**

- मौके पर तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि बतौली अंतर्गत ग्राम लगरु निवासी 42 वर्षीया मनियारो पति दिनेश अपने 8 वर्षीय पुत्र किशुन के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिस्तेदार के घर सीतापुर के ग्राम उलकिया गई हुई थी। शुक्रवार की दोपहर महिला बतौली के भटको निवासी 25 वर्षीय आकाश गोंड आ. राम बिलास के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 एजेड 2935 से वापस घर लौट रही थी। इस बीच माजदा ट्रक क्रमांक यूपी 80 एचटी 7573 भी पत्थलगांव की ओर जा रहा था और ट्रक के आगे पिकअप चल रहा था। दोपहर लगभग 3 बजे जब वे सभी मंगारी बनिया टिकरा के समीप पहुंचे पिकअप चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक अचानक ही अपने वाहन को बनियाटिकरा की तरफ पीएमजीएसवाई सड़क पर मोड़ दिया। ऐसे में पिकअप से बचने के लिए जैसे ही बाइक सवार ने साइड लिया पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी।

एनएच पर ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि ट्रक बाइक सवार युवक, महिला व बच्चे को कुचलते हुए आगे निकल गया जबकि युवक की बाइक ट्रक के पिछले चक्के में फंस गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया और सीधे थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। इधर घटना के बाद एनएच पर तीनों के शव पड़े रहे। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीतापुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को शिनाख्त के लिए सीएचसी सीतापुर भेजा।

### मोबाइल लेकर भागे असामाजिक तत्व

इस घटना में सबसे हैवान करने वाली बात यह रही कि घटना के बाद मृतक का मोबाइल फोन सड़क पर गिरा हुआ था। इस बीच असामाजिक किस्म के युवकों ने अमानवीयता का परिचय देते हुए शव के पास पड़े हुए मोबाइल फोन को उठाकर भाग गए। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो उन्हें मृतकों की शिनाख्त करने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त के बाद परिजन को घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

# यात्री बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

- युवा व्यवसायी की मौत से क्षेत्र में शोक, चालक बस छोड़कर हुआ फरार



**राजपुर।** शुक्रवार की सुबह एनएच 343 पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से युवा व्यवसायी की मौत हो गई। तेज रफ्तार यात्री बस ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरते ही युवक ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम पर पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि मूलतः बिहार के औरंगाबाद निवासी 29 वर्षीय अभिषेक गुप्ता आ. हेमंत गुप्ता विगत कई वर्षों से बूढा बगीचा में अपने मामा मनोज गुप्ता के घर रहकर पढ़ाई की और फिर बाद में नगर के वार्ड क्रमांक 6 में मकान बनाकर रह रहा था। युवक द्वारा मां शारदा स्टेशनरी के नाम से दुकान का संचालन किया जाता था। अभिषेक शुक्रवार की सुबह किसी काम से बस स्टैंड के समीप गया था। वापस घर लौटते समय सब्जी बाजार के समीप अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहे सूरज बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5552 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरते ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई जबकि घटना के बाद चालक यात्रियों से भरी बस को खड़ी कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी भेजा गया और आवागमन बहाल कराया गया। युवा व्यवसायी की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं

एनएच 343 नगर के बीच से होकर गुजरती है। इस बीच बीच बाजार से होकर गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार अधिक होने से हरपल दुर्घटना का खतरा बना रहता है। शुक्रवार की घटना भी थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई और वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। लोगों का कहना है कि नगर में स्कूली बच्चे सहित ग्रामीणों की भीड़ होती है। ऐसे में नगर के बीच वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण लगाना जरुरी है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल पुलिस विभाग द्वारा नहीं की गई है।



दुर्घटनाग्रस्त पिकअप, इनसेट में मृतक।

# पिकअप भिड़ंत में चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

चंदौरा मुख्य मार्ग पर एक पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूसरे पिकअप वाहन को टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में गंभीर हुए पिकअप चालक की अंबिकापुर स्थित निजी अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर मायापुर निवासी श्रवण कुमार देवांगन आ. स्व. बसंत देवांगन (24 वर्ष) अपने पिकअप यूपी 64 टी 0887 से घर आया था। रात को पिकअप लेकर जा रहा था और जैसे ही चंदौरा मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए श्रवण के पिकअप को साइड से टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में चालक श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि साथ बैठे अरविंद नामक युवक को मामूली चोटें आई।

इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां घायल की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### जानबूझ कर मारी टक्कर

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक श्रवण के साथ एक युवक और बैठा था। घटना से पूर्व अज्ञात पिकअप चालक के साथ दोनों का विवाद हुआ था। विवाद के बाद दूसरे पिकअप चालक ने श्रवण की पिकअप के चालक साइड गेट को दो तीन बार टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है और सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार पर पिकअप की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना कारित पिकअप का पकड़ लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने अलग-अलग जगह से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर के अलग-अलग जगहों से चोरों ने दो बाइक को पार कर दिया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम रकोल भेलवापारा निवासी इस्माइल मसीह आ. इम्मानुवेल मसीह (34 वर्ष) असोल स्थित पेट्रोल पंप में काम करता है। बुधवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 2841 से ड्यूटी करने आया और बाइक को पेट्रोल पंप परिसर में खड़ा किया था। सुबह घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम जामडीह निम्हा निवासी दिलबोधन सिंह आ. समय लाल (29 वर्ष) 13 जुलाई को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 0925 से न्यायालय आया था। युवक बाइक को न्यायालय परिसर में खड़ा कर पेशी देने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

# खाना नहीं देने से नाराज युवक ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

- थाने पहुंचकर किया आत्म समर्पण



**राजपुर।** खाना देने से मना करने और दरवाजा बंद करने से नाराज पति ने पत्नी की टांगी मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद ही थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बगाड़ी महुआरीपारा निवासी 42 वर्षीय सुरेश गिरी आ. सोहन गिरी पत्नी 40 वर्षीया सोनवा गिरी के साथ रहता था। गुरुवार की रात ग्रामीण शराब के नशे में धुत्त होकर घर लौटा और पत्नी से खाना मांगा। इस दौरान पत्नी ने खाना देने से मना करते हुए घर का दरवाजा बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार घर का दरवाजा बंद करने और खाना नहीं देने से नाराज युवक घर के छानी को हटाकर अंदर प्रवेश किया और पत्नी सोनवा गिरी के पेट पर टांगी से हमला कर दिया जिससे महिला जमीन पर गिर गई इसके बाद आरोपी ने महिला के गर्दन पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आज सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इधर सुबह 11 बजे आरोपी सुरेश गिरी ने स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और युवक से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच जारी है। जांच के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### जिले में मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुरेश कुमार तिवारी और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.सौभाग्य शरण सिंह के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र चिरमिरी में 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन पूरे जिले के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह में 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए सिरप एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड का सिरप सप्ताह में दो बार पिलाया जाना है, इसके अलावा शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत छूटे हुए 1 से 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकृत करने एवं गर्भवती माता का पंजीयन का कार्य जुलाई एवं अगस्त माह में प्रमुखता से किया जाना है, इसके अलावा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का पहचान कर इलाज भी प्रमुखता से किया जाना है। शहरी क्षेत्र चिरमिरी में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक राकेश वर्मा के अगुवाई में शहर के लगभग 3500 बच्चों को विटामिन ए का सिरप एवं आयरन फोलिक एसिड का एक बोतल 6 माह के लिए प्रत्येक सप्ताह दो बार लेने के लिए प्रदान किया जाना है।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म,आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना में हैवान पिता और बड़े पिता को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक चलेगा।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत रहने वाली 12 वर्षीया बच्ची 18 नवंबर 2020 को अपने माता पिता के साथ नाना नानी के घर गई हुई थी। इस दौरान बच्ची का बड़ा पिता बच्ची को अकेला पाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब बच्ची ने शोर मचाने का प्रयास किया तो बड़े पिता ने बच्ची को चिल्लाने पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब बच्ची वापस घर लौटी तो उसने घटना की जानकारी अपनी मां को दी जिसके बाद आक्रोशित मां ने अपने जेठ की लाठी डंडे से पिटाई की और फिर बच्ची को लेकर थाने जाने लगी लेकिन इस बीच बच्ची के पिता ने उन्हें रोक लिया और बदनामी होने का भय दिखाकर शिकायत करने से मना कर दिया। एक वर्ष बाद 18 जुलाई 2021 की शाम बच्ची के पिता ने अपनी बेटी को बोर का पंप बंद करने के लिए भेजा। जब बच्ची बोर पंप वाले कमरे में पहुंची तो बच्ची के अपने पिता ने ही हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए 12 वर्षीय बच्ची को पकड़ लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बच्ची के परिजन 19 जुलाई 2021 को घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती रीता सेन ने पैरवी की। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी के बड़े पिता 37 वर्षीय विसंभर उर्फ बड़का बाबू को धारा 506 (2) के तहत दो वर्ष के कठोर कारावास व 100 रुपए अर्थदंड, धारा 376 (क)(ख) के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास, 50 हजार रुपए का अर्थदंड, धारा 376(2)(च) के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास व 500 रुपए अर्थदंड, धारा 5(ढ) एवं (ड)/6 के तहत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास व 500 रुपए का अर्थदंड दिया है। वहीं आरोपी पिता संजय उर्फ़ ददुआ को घटना की शिकायत करने से रोकने व धमकाने के लिए धारा 202 के तहत 6 माह के कठोर कारावास व 100 रुपए अर्थदंड, धारा 506 के तहत 2 वर्ष के कठोर कारावास व 100 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं इस मामले में नाबालिग बच्ची को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रुपए देने की अनुशंसा की है।

### पिता को अलग से सुनाई सजा

अपनी ही नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम देने वाले वहशी पिता को कोर्ट ने दूसरे प्रकरण में सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने इसे गंभीर व दुर्लभ मामला मानते हुए धारा 342 के तहत 1 वर्ष के कठोर कारावास व 500 रुपए अर्थदंड, धारा 376(2)(च) के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास व 500 रुपए का अर्थदंड, धारा 376(3) के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास व धारा 5 (ढ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत आजीवन कारावास जो आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल तक के लिए कारावास व 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## स्पीड रडारगन, ब्रेथ एनालाइजर, सर्विलांस कैमरे से लैस, वाहन से ही तैयार होगा ऑनलाइन चालान

# सरगुजा पुलिस को मिली 360 डिग्री में घूमने वाले अत्याधुनिक कैमरे से लैस इंटरसेप्टर वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा पुलिस अब अत्यधुनि इंटरसेप्टर वाहन से लैस हो गई। पुलिस को शासन द्वारा एक इंटरसेप्टर वाहन प्रदान किया गया है। इस वाहन की खासियत है कि इसमें लगा कैमरा 360 डिग्री के एंगल में घूम सकता है और 500 मीटर की दूरी से ही वाहन के रफ्तार की जांच कर सकता है। वाहन में आरटीओ से वाहनों की जानकारी अपलोड की है जिसके आधार पर वाहन से ही सीधे ऑनलाइन चालान काटा जा सकता है। सरगुजा को मिले इस वाहन को एसपी द्वारा हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बता दें कि शासन के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात नियमों का पालन कराने के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में शासन से 15 जिलों समेत सरगुजा को एक इंटरसेप्टर वाहन प्रदान किया गया है। इंटरसेप्टर वाहन की मदद से यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले या फिर नशे की हालत में वाहन चला कर अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों को अब पलक झपते ही इंटरसेप्टर वाहन डिटेक्ट कर लेगा, वाहन में बुलेट व अन्य कैमरे वाहन की खूबी है जो 5 सौ मीटर की दूरी पर वाहन की रफ्तार को डिटेक्ट कर उसकी फोटो तो खींचेगी साथ ही वाहन की रफ्तार अधिक होना भांप कर चलानी रशीद तैयार वाहन चालक को मैसेज के माध्यम से भेजने में सक्षम है। वाहन में यातायात के नियमों के साथ ही क्षेत्रीय परिवहन विभाग का पूरा डाटा फीड है। इंटरसेप्टर वाहन में ब्रेथ एनालाइजर मशीन हाई क्वालिटी की है, यह किसी भी प्रकार के नशे को पकड़ कर उसकी मात्रा तक बता पाने में सक्षम हैं। इंटरसेप्टर वाहन की मदद से नेशनल हाईवे में होने वाली दुर्घटना की रोकथाम में काफी मदद मिलेगी। एसपी योगेश पटेल ने सरगुजा पुलिस कों प्राप्त नए इंटरसेप्शन वाहन को पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी श्री पटेल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, तेज रफ्तार वाहनों एवं यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर शिकंजा कसने में इंटरसेप्टर वाहन अपनी सहायता प्रदान करेंगे, यह इंटरसेप्टर वाहन कई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इन वाहनों के मिलने से जिले में ओवर स्प्रीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। यह वाहन स्पीड रडारगन, ब्रेथ एनालाइजर, सर्विलांस कैमरे से भी लैस है। चेकिंग के दौरान वाहनों में लगे ग्लास की पारदर्शिता और ध्वनि तीव्रता की भी जांच इन वाहनों में लगे उपकरणों के माध्यम से की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओ के मामलो मे कमी लाने इंटरसेप्टर वाहन का उपयोग किया जाएगा। इंटरसेप्टर वाहन मे वर्तमान में 3 प्रशिक्षित पुलिस अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए है। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी रोहित कुमार शाह, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, यातायात प्रभारी विजय केवर्त एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




## अतिक्रमण पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** शहर के रिंग रोड स्थित भाथूपारा तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिए गुरूवार को मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर, महापौर, सभापति एवं आयुक्त को ज्ञापन सौंप अवैध अतिक्रमण रोकने की मांग की।वार्डवासियों ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण विशाल भाथूपारा तालाब लगातार अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे तालाब का आकार और क्षेत्रफल घटता जा रहा है। वर्तमान में भू-माफिया लगातार तालाब में मिट्टी पाट रहे है। मोहल्लेवासियों के विरोध पर कुछ दिनों के लिए मिट्टी पाटना रोक दिया जाता है तथा कुछ दिनों बाद पुनः भूमाफिया मिट्टी पाटना शुरू कर देते हैं। अतिक्रमण का स्थायी समाधान करने की आवश्यकता है। भाथूपारा तालाब में अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्रियाकलाप होते हैं। क्षेत्र के एकमात्र तालाब को पाट देने से लोगों को भारी परेशानी होगी। भाजपा जिला मंत्री इन्दर भगत ने कहा कि भाथूपारा तालाब को बचाने के लिए पहले भी कई बार मांग किया गया है लेकिन ननि की उपेक्षा के कारण प्राकृतिक जलस्त्रोत पर संकट मंडरा रहा है। इस दौरान दुर्गाशंकर दास, उमेश्वर प्रजापति, सत्यम साहू, सालिम, उमेश, अवधेश केरकेट्टा, शिव तिर्की, बबलू दास, रोहित केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

19 Ambikapur-pg 2_Layout 1 7/19/2024 10:21 PM Page 1





# 'कन्नप्पा' दिसंबर में होगी रिलीज ...

**नई दिल्ली।** 'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। गुरुवार, 18 जुलाई को विष्णु मांचू ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्म 'कन्नप्पा' की रिलीज की घोषणा की। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए यह जानकारी दी कि फिल्म दिसंबर 2024 में रिलीज होगी। 'कन्नप्पा' एक पौराणिक फिल्म है, जो पूरी होने वाली है। मई में फिल्म का टीजर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। बाद में 14 जून को भारत में टीजर रिलीज किया गया।


## लाइफ Style

# सोनम कपड़े उधार लेकर पहना करती थीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम कमा चुकी हैं। अभिनय के साथ साथ वे फैशन की दुनिया की भी बेहतरीन हस्ती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपने स्टाइल के बारे में बात की कि वे कैसे कपड़े चुनती हैं और इस बीच की सभी चीजें कैसे संभालती हैं।

सोनम ने कहा, 'मैं सिर्फ वही पहनना चाहती थी, जो मुझे अपने जाने-पहचाने डिजाइनरों से पसंद था। यह सिर्फ मैं ही थी जो मेरी मां से मिली शिक्षा और फैशन के प्रति मेरे जुनून से प्रभावित थी। मैं अंतरराष्ट्रीय और भारतीय दोनों ही तरह के फैशन डिजाइनरों को स्टार मानती थी, क्योंकि मैं अपनी मां के जरिए उन्हें पसंद करती हुई बड़ी हुई हूं। यह किसी छवि को पेश करने के बारे में नहीं था, यह फैशन के प्रति मेरे सच्चे प्यार के बारे में था।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे एहसास हुआ कि लोग अक्सर कपड़े उधार नहीं लेते, इसलिए मैंने उन्हें उधार लेना शुरू कर दिया। हर समय सब कुछ खरीदना समझदारी नहीं थी। मैंने बहुत कुछ खरीदा, लेकिन उधार लेना अधिक व्यावहारिक था। यह प्रथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आम थी, लेकिन भारत में नहीं, इसलिए मैंने वही किया जो उस समय सही लगा। मैं 20 साल की लड़की थी, बिना किसी रणनीतिक इरादे के बस फैशन के प्रति अपने जुनून का पीछा कर रही थी।' सोनम अब एक वैश्विक फैशन आइकन हैं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा उनके बेहतरीन फैशन सेंस और ब्रांड्स पर उनके जबर्दस्त प्रभाव के लिए उनका सम्मान किया जाता है। उनके लगातार शानदार कपड़ों ने उन्हें दुनिया भर के शीर्ष फैशन ब्रांड्स में पसंदीदा बना दिया है।



## हॉलीवुड मसाला



# फिर साझा कीं शानदार तस्वीरें...

**लॉस एंजिलिस।** किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन का भारत में काफी अच्छा समय बीता था। इसकी झलकियां अब किम लगातार अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कर रही हैं। किम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों से पहले उसने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह एक ट्रे में चंदन पाउडर और टीका पकड़े हुए नजर आई थीं। वह एक सफेद बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



# एमसीयू में रूसो ब्रदर्स की वापसी की खबर से फैंस में हलचल...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रूसो बंधु यानी जो रूसो और एंथनी रूसो मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर सकते हैं। दोनों साथ मिलकर 2014 में रिलीज हुई 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर', 2016 में आई 'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर', 2018 में आई 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 2019 में आई 'एवेंजर्सः एंडगेम' का निर्देशन कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो और एंथनी से साल 2026 और 2027 में आने वाली दो एवेंजर्स फिल्मों को बनाने के सिलसिले में बातचीत चल रही है। हालांकि, रूसो बंधुओं की प्रोडक्शन कंपनी एजीबीओ की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह दोनों ही फिल्में जो और एंथनी की ही 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्सः एंडगेम' से जुड़ी होंगी।



# क्या जल्द शादी करने वाली हैं श्रद्धा..?


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री' के मोस्ट अवेटेड सीक्वल 'स्त्री 2' की रिलीज के लिए तैयार हैं। 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली इस फिल्म में अभिनेत्री कॉमेडी और हॉरर का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। निजी जीवन की बात करें तो श्रद्धा के बारे में पिछले काफी समय से यह अफवाह है कि वह स्क्रिप्ट राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। अब 'स्त्री 2' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपनी शादी के प्लान के बारे में खुलकर बात की है। अपने रिश्ते और शादी के प्लान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'वह स्त्री है, उसे जब दुल्हन बनना है वो बनेगी'। इससे पहले श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर किया था।



# महाराजा ओटीटी पर नंबर-1 पर कर रही है ट्रेंड

**नई दिल्ली।** साल 2024 में सिनेमाघरों में एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म आई थी। 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 104.84 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था और अब ये फिल्म ओटीटी पर भौकाल काट रही है। जी हां! ओटीटी पर ये फिल्म टॉप 10 ट्रेंडिंग फिल्मों की लिस्ट में पहले नंबर पर है। इस फिल्म का नाम 'महाराजा' है। विजय सेतुपति ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया है। वहीं, अनुराग कश्यप ने खूंखार विलेन की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की खास बात ये है कि इसकी कहानी एकदम यूनीक है और सस्पेंस के साथ-साथ इस फिल्म में एक्शन का तड़का भी लगाया गया है। यदि आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## टीवी मसाला



# सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर रो पड़ीं जैस्मिन भसीन...

**नई दिल्ली।** एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हर किसी के लिए शॉकिंग था। जैस्मिन भसीन उनके साथ दिल से दिल तक में काम कर चुकी हैं। जब यह दुखद खबर आई तो जैस्मिन मुंबई में नहीं थीं। वह कश्मीर गई थीं। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान वो वक्त याद किया तो बुरी तरह रो पड़ीं। जैस्मिन ने बताया कि वहां इंटरनेट ना होने की वजह से उन्हें कुछ पता नहीं चल सका था। पर मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो लोगों की सुगबुगाहट कान में पड़ी। जब सच में खबर मिली तो वह सुन्न पड़ गई थीं। मैं यह सच स्वीकार ही नहीं कर पाई कि वह जा चुके हैं। उनकी मौत ने मुझे जीवन की सबसे बड़ी सीख दी कि कुछ भी परमानेंट नहीं है। तो वक्त रहते सारे गिले-शिकवे दूर कर लेने चाहिए, क्योंकि वक्त का कुछ पता नहीं। इंसान चला जाता है पर आप दर्द और पछतावे के साथ रह जाते हो कि काश बात कर ली होती। जैस्मिन ने बताया कि दिल से दिल तक में सिद्धार्थ ने उनका बहुत सपोर्ट किया था। वह नर्वस हो जाती थीं तो सिद्धार्थ उन्हें मोटिवेट करते थे। वह वैनिटी वैन में ना जाकर उन्हें सपोर्ट करते थे। जैस्मिन बोलीं, सेट पर वह मेरे बेस्ट फ्रेंड थे। हम साथ में खाते थे, पैक-अप के बाद साथ में जाते थे।


# रूही पर टूटेगा दुखों का पहाड़, पौद्दार हाउस में ऐसे होगी रोहित की एंट्री

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में रूही पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ेगा। उसकी आखिरी उम्मीद भी उससे छीन जाएगी। रूही के साथ-साथ बड़े पापा भी निराश हो जाएंगे। लेकिन, सवाल यह उठता है कि ऐसा क्या होगा जिसकी वजह से रूही और बड़े पापा दोनों परेशान हो जाएंगे? दरअसल, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के आने वाले एपिसोड में रोहित की वापसी होगी। जब रूही को पता चलेगा कि रोहित जिंदा है तब उसकी अरमान को पाने की आखिरी उम्मीद खत्म हो जाएगी। वहीं बड़े पापा, रूही को पौद्दार हाउस से दूर रखना चाहते हैं, लेकिन रोहित के वापस आने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाएंगे इसलिए वह दुखी हो जाएंगे। आने वाले एपिसोड्स में दिखाया जाएगा कि रोहित का एक्सीडेंट हो जाता।



# लंदन मैडम तुसाद में सजेगा राम चरण का मोम का पुतला!

**नई दिल्ली।** लंदन के मैडम तुसाद में हॉलीवुड और बॉलीवुड के तमाम सुपरस्टार्स के मोम के पुतले अभी तक सजाए जा चुके हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन से लेकर करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा के अलावा भी कई भारतीय स्टार्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलीवुड, हॉलीवुड के बाद अब टॉलीवुड स्टार राम चरण का मोम की प्रतिमा लंदन के मैडम तुसाद में लगाई जाएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है कि स्टार के मोम के पुतले को किस तरह का लुक दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के ऐसे पहले मेगास्टार है, जिनका मैडम तुसाद म्यूजियम में सबसे पहले स्टैच्यू लगा था। जब अमिताभ बच्चन का मैडम तुसाद में मोम की प्रतिमा का अनावरण हुआ था, तब बिग बी ने अपने मोम के पुतले के बगल में खड़े होकर शानदार पोज दिए थे। बताया जाता है कि अमिताभ बच्चन की मोम की प्रतिमा को देखने के लिए हर साल संग्रहालय में 25 लाख से ज्यादा संख्या में लोग आते हैं। अमिताभ के ही स्टाइल को ध्यान में रखते हुए उनके मोम के पुतले को बनाया गया था। सलमान खान का भी मैडम तुसाद में स्टैच्यू लगाया जा चुका है। सलमान ने भी अपने मोम के पुतले के साथ कई फोटो क्लिक करवाईं थीं। उनके मोम के पुतले को बिल्कुल उनकी तरह ही स्टाइल में बनाया गया था। सलमान के मोम के पुतले को ब्लैक रंग की सैंडो के साथ ब्लैक जींस का लुक दिया गया था।



# अमिताभ नहीं थे दीवार के लिए पहली पसंद इस सुपरस्टार ने फिल्म करने से किया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के करियर की कुछ ऐसी फिल्में हैं जिनकी कल्पना उनके बिना तो की ही नहीं जा सकती। उनका एंग्री यंगमैन अवतार और डायलॉग बोलने का अंदाज और स्टाइल सब ही बेमिसाल रहे हैं। लेकिन जैसा फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर होता है कि एक फिल्म के लिए कई सितारों को अप्रोच किया जाता है और फिर फिल्म किस स्टार की झोली में जाती है ये किसी को पता नहीं होता है। ऐसा ही कुछ अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार के साथ भी हुआ। दीवार में अमिताभ बच्चन के किरदार को इतना प्यार मिला कि उनके डायलॉग आज तक सुने जा सकते हैं। लेकिन ये भी सच है कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन पहली पसंद नहीं थे। अमिताभ बच्चन की दीवार 1975 में रिलीज हुई थी। जिसे यश चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, नीतू सिंह, परवीन बाबी, इफ्तिखार, मदन पुरी, सत्येन कप्पू और मनमोहन कृष्ण लीड रोल में थे। फिल्म का बजट लगभग 1.30 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 7.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस तरह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।





बताया जाता है कि फिल्म के निर्माताओं ने इस फिल्म के लिए पहले शत्रुघ्न सिन्हा को अप्रोच किया था। लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा उन दिनों कुछ दूसरे प्रोजेक्ट में व्यस्त थे, जिस वजह से उन्होंने फिल्म करने से इनकार कर दिया। फिर जब ये फिल्म अमिताभ बच्चन के पास पहुंची तो उन्होंने इसके लिए हां कह दी और बाकी सब इतिहास बन गया। अमिताभ बच्चन की सबसे कामयाब फिल्मों में दीवार का नाम गिना जाता है और इसके डायलॉग तो बेहतरीन रहे हैं। फिल्म की कहानी और संवाद सलीम-जावेद के थे।

## 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में आलिया ने निभाई हैं अहम भूमिका

# शादी पर आधारित हैं इन फिल्मों की कहानी, गुदगुदाती भी हैं और रुलाती भी

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में शादी के विषय पर बढ़िया फिल्में बन चुकी हैं। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' शादी पर आधारित अच्छी हिंदी फिल्में हैं, जो दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ उन्हें रुलाती भी हैं। चारों फिल्मों का विषय भले ही एक है, लेकिन कहानी एकदम अलग है। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। इन चारों फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।*

**2 स्टेट्स :** '2 स्टेट्स' में अलग-अलग संस्कृति से आने वाले एक पंजाबी लड़के और एक तमिल लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिनकी शादी में परिवार द्वारा बाधाएं डाली जाती है, लेकिन वे दोनों इससे पार पा लेते हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर और आलिया भट्ट ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया था। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी।




**हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया :** 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में भी आलिया भट्ट ने अहम भूमिका निभाई हैं। इस फिल्म में उन्होंने अंबाला शहर की एक लड़की का किरदार अदा किया है, जो दिल्ली के एक लड़के से मिलती हैं और दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठते हैं।





इसके बाद कहानी दोनों की शादी तक पहुंचती है। इसमें आलिया भट्ट के अलावा वरुण धवन और दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला ने भी अभिनय किया था।

**तनु वेड्स मनु :** 'तनु वेड्स मनु' के तो नाम से ही साफ हो जाता है कि यह फिल्म शादी पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक एनआरआई डॉक्टर मनु के शादी करने के इर्द-गिर्द घूमती है। मनु विदेश से भारत में दुल्हन ढूंढकर शादी करने आता है, जहां उसकी मुलाकात तनु से होती है। इस फिल्म में आर माधवन, कंगना, स्वरा भास्कर, जिमी शेरगिल और दीपक डोबरियाल ने शानदार अभिनय किया है। यह एक बढ़िया कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है।




**बैंड बाजा बारात :** 'तनु वेड्स मनु' की ही तरह 'बैंड बाजा बारात' के नाम से भी स्पष्ट है कि यह फिल्म भी शादी पर ही आधारित है। इसकी कहानी दो वेडिंग प्लानर श्रुति कक्कड़ और बिट्टू शर्मा के बारे में हैं। बिजनेस करते-करते दोनों एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। इस वजह से दोनों के पेशवर संबंधों पर भी असर पड़ता है। फिल्म में अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।



### बनने के बाद उखड़ने लगी करोड़ों की नवनिर्मित सड़क

# सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी, घटिया निर्माण को छिपाने कर रहे पेच रिपेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- ग्रामीण सहित राहगीरों की बढ़ी परेशानी

लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर ज ज ॅ र सड़क मरम्मत व नए सिरे से बनाई जा रही है। लाखो रूपए खर्च करने के बावजूद सड़क गुणवत्तापूर्ण बनाने के बजाए घटिया निर्माण कराया जा रहा है। कुछ माह पूर्व ही शिवपुर धाम के बगल से बलरामपुर को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराया गया। निर्माण इतना घटिया था की हालही में हुए बारिश ने सड़क की गुणवत्ता का पोल खोल कर रख दिया। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के साथ उखड़ गई है। इधर ठेकेदार घटिया निर्माण को छिपाने अब पेच रिपेयरिंग कर खानापूर्ति करने लगे है जिसे लेकर ग्रामीणों को काफी आक्रोश है।



शिवपुर की जर्जर सड़क।

शिवपुर मंदिर के समीप से कुछ माह पूर्व मुख्य मार्ग पहाड़ के रास्ते चमनपुर, भैरोपुर, भुटका कर्री, चलगली व बलरामपुर को मिलाने वाली मुख्य सड़क निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत शुरू किया गया। लगभग लाखों की लागत से बनाई जा रही लगभग 5 किमी सड़क निर्माण को ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया। गुणवत्ताहीन निर्माण होने से कारण सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही कंक्रीट ढलाई किया हुआ सड़क में दरारे सहित गिट्टी उखड़ना शुरू हो गया और पहली बरसात की बारिश में ही सड़क की गुणवत्ता का पोल खोलकर रख दिया है। ऐसे में घटिया सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 4 से 5 किलोमीटर की बन रही है। आधा अधूरा बने इस सड़क निर्माण में करीब चार जगह घाट का उतार चढ़ाव है। जहां पर घाट है वहां पर कंक्रीट का सड़क बनाना है। इसके बाद पुरानी सड़क को उखाड़कर जहां-जहां गड्ढे हैं वहां पाइप का पुल बनाना था उसके बाद डीबीएम करने के बाद डामरीकरण करना था। आनन फानन में बना रहे सड़क की गुणवत्ता को दरकिनार कर घटिया निर्माण किया गया है जो बरसात की पहली बारिश ने ही पोल खोलकर रख दी है। इधर अब जर्जर सड़क को छिपाने और मार्ग को साफ सुथरा दिखाने के लिए ठेकेदार ने झाड़ लगवा कर सबूत मिटाने के लिए उखड़े हुए मार्ग की सफाई कर दी है। ताकि मार्ग कहीं से भी उखड़ा हुआ दिखाई न दे जबकि हाल ही में बने इस मार्ग की हालत और भी घटिया हो गई है। मार्ग में गिट्टी और रेत की परत साफ दिखाई देती है। बारिश के पानी में पूर्व में ही बह चुके मार्ग के कारण यहां बने गड्ढे में ठेकेदार ने मिट्टी बालू का मिश्रण कर भरवा कर खानापूर्ति की जा रहे है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**श्रावण माह में पहुंचे है श्रद्धालु**

बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम मंदिर में श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते है। धार्मिक स्थल शिवपुर में लंबे समय बाद बन रहे सड़क मार्ग दर्शनार्थी सहित आसपास गांव के लोगों के लिए आवागमन के लिए बेहतर सुविधा हो गई है। अब मंदिर सहित गांव जाने के लिए लोगों को कम दूरी तय करना पड़ता है। परंतु घटिया सड़क निर्माण होने से सड़क कुछ दिनों में ही जर्जर हो गई है जो अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**भेजा गया है प्रतिवेदन**

कलेक्टर से सड़क की जांच के बाद गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर रायपुर विभाग में प्रतिवेदन भेजा गया है। अधिकारियों के जब तक आदेश नहीं आता है तब तक कार्य प्रारंभ नहीं होगा। ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

-सानुज धीत लहरे
मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ईई

**स्कूल प्रबंधन व स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी**

# अजबनगर स्कूल प्रांगण में अतिक्रमण, ग्रामीण कर रहा खेती

- ग्रामीण द्वारा पैतृक भूमि का हवाला देकर पिछले तीन वर्षों से मक्का की फसल उगाई जा रही
- स्कूल में लगे शासकीय हैंडपम्प व बने हुए शौचालय के चारों तरफ़ भी हल से जुताई कर दी गई है

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल व प्राइमरी स्कूल भवन के साथ ही बाउंड्रीवाल का निर्माण वर्षों पूर्व शासकीय भूमि खसरा नंबर 431, 32, 33 के रकबा 2.10 हेक्टेयर, 0.15 हेक्टेयर, 0.11 हेक्टेयर भूमि पर किया गया है।यहाँ के ग्रामीण अजय सिंह के अनुसार स्कूल के बाउंड्रीवाल निर्माण के दौरान उनकी सेटलमेंट की पैतृक भूमि खसरा नंबर 429 रकबा 0.30 हेक्टेयर भूमि को भी बाउंड्री वॉल के अंदर शामिल कर लिया गया है। करीब तीन वर्ष पूर्व भू स्वामी अजय सिंह द्वारा जब यहां पर अपने सेटलमेंट की भूमि का सीमांकन कराया गया, तब स्कूल के बाउंड्री के भीतर उनके पैतृक भूमि का कुछ हिस्सा चले जाने का पता चला। इसके बाद से ही भू स्वामी ग्रामीण द्वारा अब यहां पर स्कूल के बाउंड्री वॉल के अंदर पिछले तीन सालों से जुताई कराकर मक्का फसल लगवाया जा रहा है। ग्रामीण द्वारा यहां पर प्राइमरी स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रांगण में जुताई कार्य कराकर लगे हुए हैंडपंप व निर्माण कराए गए शौचालय के चारों तरफ मक्का की फसल लगवा दी गई है। ऐसी स्थिति में स्कूल प्रबंधन व स्कूली बच्चों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य वरजिनिया किस्पोट्टा ने बताया कि यहां पर मेरी पदस्थापना वर्ष 2016 में हुई थी तब से सबकुछ ठीक चल रहा था। कोरोना काल के बाद से ही उक्त भू स्वामी द्वारा यहां पर अपना अधिकार जताते हुए जुताई कार्य कराया जा रहा है। मैंने इस संबंध में सबंधित अधिकारियों व विभागीय अधिकारियों को यहां की स्थिति से अवगत करा दिया है। इस परेशानी का स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है।

## पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि शासकीय शराब दुकान के पास शिवनंदनपुर निवासी पवन कुमार गुप्ता पिता स्व.रामजी गुप्ता के साथ पुरानी रंजिश पर आरोपी दीपक सिंह, राजू, राजेश यादव ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया है, जिससे प्रार्थी पवन कुमार गुप्ता के बाएं आंख व कंधे में चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351, 115 (2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ़ प्रार्थी दीपक सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पवन कुमार गुप्ता के खिलाफ धारा 296, 351, 115 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।






# जनसमस्या निवारण शिविर में लें योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- जिला प्रशासन लोगों को घर पहुंच सेवा देने की दिशा में कर रही प्रयास

रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों द्वारा शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 198 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री व्यास ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की बात कही।

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें पोषाहार प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बीज वितरण एवं पौधा वितरण का कार्य किया गया। साथ ही इस अवसर पर एनआरएचएम के तहत लखपति दीदी सुश्री चंद्रकला साहू को सम्मानित भी किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आज आपके गांव में ही जिला प्रशासन आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुआ है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपनी सभी समस्याओं को उपस्थित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के समक्ष रखने को कहा। यहां सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं जहां योजना के बारे में जानकारी के साथ समस्या का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही बताया कि समस्याओं के निराकरण पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा चर्चा भी की जाती है। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपनी शिकायत या किसी योजना का लाभ नहीं मिलने की स्थिति को लेकर अपना पंजीयन कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने केसीसी और पीएम किसान योजना के संबंध में जागरूक करते हुए सभी को इस योजना का लाभ लेने को प्रोत्साहित किया।

# नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी लहराना है भाजपा का परचम : राम प्रताप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में हुई विभिन्न विषयों पर चर्चा



भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक माता राजमोहिनी भवन में पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, सांसद चिंतामणि महाराज, संभाग प्रभारी राजा पाण्डेय, जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे, विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के आतिथ्य में हुई। बैठक के अलग-अलग सत्रों में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में पूर्व संगठन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अब देश और प्रदेश दोनों जगह हमारी सरकार है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब हमें डबल इंजन की सरकार को आगे बढ़ते हुए नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी भाजपा का परचम लहराना है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हमें समाज के बीच जाकर जनता से जुड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि भाजपा लक्ष्य को प्राप्त करने भाजपा कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया है, तभी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है। संभागीय प्रभारी श्री पाण्डेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कमी रह गई थी उन कमियों को दूर करने के लिए हम सब को मिलकर काम करना चाहिए। लगभग तीस प्रतिशत वोटर वोटिंग में भाग नहीं लेते उन्हें भी भाजपा से जोड़ना है। ज्योति नंद दुबे ने कहा कि विपक्ष में काम करना कठिन था फिर भी जिला संगठन ने प्रदेश द्वारा दिए गए दायित्वों को अक्षरशः निभाया है, इसी का परिणाम है कि अंबिकापुर और सीतापुर जैसे कठिन सीटों को भी कार्यकर्ताओं ने जीत कर मिसाल कायम किया है। ओबीसी मोर्चा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि हमें आने वाले नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में भी एकजुटता के साथ काम कर सफलता प्राप्त करना है। विधायक राजेश अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव का वाचन किया तथा मोदी सरकार के पिछले दस साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। विधायक प्रबोध मिंज ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्ताव का वाचन किया एवं 2024 के चुनाव को ऐतिहासिक चुनाव बताया। विधायक रामकुमार टोप्पों ने प्रदेश कार्यसमिति में पारित राजनीति प्रस्ताव का वाचन किया एवं कहा कि कश्मीर में धारा 370 खत्म होने से डॉ.मुखर्जी का एक देश एक संविधान का सपना पूरा हुआ। राजनीतिक प्रस्ताव के समर्थन में पूर्व सांसद कमलभान सिंह, जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने प्रस्तुत किया। इस दौरान महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ सिंह पैकरा, मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, फुलेश्वरी सिंह, अरूण सिंह, विजयनाथ सिंह, त्रिलोक कपूर कुशवार, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी, रामलखन पैकरा, अनूप सिन्हा, कर्ताराम गुप्ता, परमवीर सिंह बाबरा, राजकुमार बंसल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।








































## शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विधायक ने किया पौधरोपण

**लखनपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उन्नति की आधार शिक्षा है और यह आधार सुदृढ़ हो, हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में 37 छात्राओं को मिली साइकिल

**अम्बिकापुर।** क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज की अध्यक्षता में शासकीय माध्यमिक शाला उदारी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विधायक श्री मिंज ने तिलक लगाकर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर पुस्तक प्रदान किया। उन्होंने कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 37 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया। इस दौरान ग्राम पंचायत उदारी, बगदरी, जमड़ी के सरपंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, जयंत मिंज, अशोक गुप्ता एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम उपरांत जन प्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया।

## खबर संक्षेप

### महामाया मंदिर में पूजा कर देवघर के लिए निकला कांवरियों का जत्था

**अम्बिकापुर।** सावन महीने के आगमन को लेकर शहर के कांवरिया बैजनाथ धाम जाना शुरू कर दिए है। शुक्रवार को शहर के बिलासपुर रोड से कांवरियों का एक जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों के जत्थे में जय शंकर साहू, संकल्प सिंह बबलू, उदय भान केरकेट्टा, रामकुमार मिंज सहित अन्य शामिल है। सभी ने पहले मां महामाया मंदिर में दर्शन करने के पश्चात देवघर के लिए रवाना हो गए। सावन के प्रथम सोमवार को सभी देवघर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। ज्ञात हो कि शहर से हर साल यह जत्था देवघर के लिए रवाना होता है। लंबे समय से चल रही है परंपरा आज भी कायम है।



### नगरीय निकाय के कर्मचारियों काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** नगर पंचायत रामानुजगंज महासंघ एवं अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले प्रदेश की 184 नगरी निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, सचिव व प्रदेश कोषाध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है। वर्तमान की स्थिति में लगभग सभी नगरीय निकायों में विगत एक माह से चार माह तक का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में न तो निकाय ध्यान दे रहा है न ही शासन द्वारा लंबित वेतन भुगतान के संबंध में ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वेतन लंबित होने के कारण संघ के बैनर तले 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर निकाय के कर्मचारी वेतन भुगतान लंबित होने का विरोध प्रदर्शन शांतिमय तरीके से किया।

### अमित बने अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष

**रामानुजगंज।** जिले के नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश, कोषा अध्यक्ष, प्रदेश सचिव के अनुशंसा पर जिला पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है जिसमें अमित जायसवाल को संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं संघ के अन्य पदाधिकारी के रूप में संजीव पाठक जिला उपाध्यक्ष, सुधीर श्रीवास जिला महामंत्री, अविनाश सिंह जिला सचिव, इम्तियाज खान कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



### श्रम संघों के सदस्यता सत्यापन के पहले दिन बीएमएस रही आगे

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में श्रम संघों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन का कार्य शुक्रवार 19 जुलाई को प्रारम्भ हो गया जिसमें भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ अन्य श्रमिक यूनियनों से आगे निकल गई है। प्रथम दिवस एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक बीकेकेएमएस ने 995,एटक ने 682, एचएमएस ने 252, एसईकेएमसी इंटक ने 95 तथा सीटू ने 3 सदस्यों को जोड़ने में सफलता अर्जित की है ,क्षेत्र में सक्रिय पांच यूनियनों में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, एचएमएस,एटक, इंटक,सीटू के नाम शामिल हैं।सभी श्रमिक संघों ने अपने पक्ष में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पूरा जोर लगाया हुआ है ,इसके लिए सभी के द्वारा कोलकर्मियों से डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है।इस वर्ष यूनियनों ने सदस्यता राशि शुल्क में भी पहले की तुलना में बढ़ोतरी की है। एचएमएस की सदस्यता शुल्क सबसे अधिक एक हजार रुपये, भारतीय मजदूर संघ का छह सौ ,एटक का छह सौ,इंटक का साढ़े छह सौ सदस्यता राशि शुल्क निर्धारित हुआ है,उक्त चारों श्रमिक यूनियन चेक आफ सिस्टम से सदस्यता राशि प्राप्त करते हैं,इसमें मजदूर जिस संगठन के पक्ष में सदस्यता राशि देने की सहमति प्रबंधन को देता है ,प्रबंधन उसके वेतन से राशि को काटकर सम्बंधित यूनियन के खाते में जमा कराती है।इसके अलावा सीटू यूनियन अपने सदस्यों से राशि शुल्क नगद में प्राप्त करती है।गत वर्ष क्षेत्र में बीएमएस सर्वाधिक सदस्यों के साथ प्रथम स्थान पर जबकि एटक दूसरे, एचएमएस यूनियन तीसरे स्थान पर रही थी,प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र में ढाई हजार के करीब मैन पवार कार्यरत हैं।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## अवैध अतिक्रमण से संकट में मैनपाट के नदी-नाले

# कहीं नदी को बांधकर बना दिया होटल तो कही समतल करने के बाद कर रहे खेती



घुनघुट्टा नदी को घेर कर निर्मित होटल।



नदी के बहाव क्षेत्र में किया गया अतिक्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्राकृतिक संसाधनों के मामले में समृद्ध मैनपाट में दबंग नदी-नालों के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। जमीन के लालच में दबंग नदी नालों को पाटकर कमाई का जरिया बना रहे हैं वहीं ग्रामीण नदियों के उद्गम स्थलों को घेरकर जमीन पर खेती कर रहे हैं। प्रकृति के साथ किए जा रहे इस अत्याचार का प्रभाव तापमान में वृद्धि एवं भूस्खलनों के रूम में देखने को भी मिल रहा है लेकिन कोई भी अपनी मनमानी रोकने को तैयार नही है।

**खास बात**

- जमीन के लालच में नदी-नालों पर कब्जा जमा रहे लोग

छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से विख्यात मैनपाट लोगों की मनमानी का शिकार होकर अपनी सुंदरता एवं वैभव को खोता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के बेरहमी पूर्वक दोहन से मैनपाट जंगल तेजी से विरल होते जा रहे हैं। धड़ल्ले से अवैध अतिक्रमण के कारण नदी-नालों की धार लगातार पतली होती जा रही है जिसका प्रभाव विभिन्न जलप्रपातों पर देखा जा रहा है। इस मनमानी का असर लगातार बढ़ते तापमान एवं भूस्खलन के रूप में देखने को मिल रहा है। मैनपाट के बढ़ते तापमान का असर वहां के पर्यटन पर भी पड़ रहा है। जिस गति से नदी-नालों को पाटा जा रहा है भविष्य में बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। शायद अतिक्रमणकारियों को यह नहीं मालूम है कि बेखौफ अतिक्रमण से नदी नालों की धार सूख गई तो जनजीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। मामले में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं। मैनपाट की पहाड़ियों से एक दर्जन से अधिक नदी-नाले निकले हैं जो आगे जाकर घुनघुट्टा नदी एवं मांड नदी के रूप में सैकड़ों गांवों की प्यास बुझाने के साथ ही सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध कराती है। ऐसा भी नहीं कि इस अवैध अतिक्रमण की जानकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व राजस्व कर्मियों को नहीं है लेकिन बावजूद इसके कोई भी मामले में विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है जो भविष्य के लिए बड़ा खतरा है।

### होटल बनाने घुनघुट्टा नदी पर कब्जा

मैनपाट में पर्यटकों की बढ़ती संख्या से होटल बड़े व्यवसाय का रूप लेता जा रहा है। पर्यटन का फायदा उठाने बड़ी संख्या में बाहर के लोगों ने यहां जमीनें खरीदी हैं वहीं कई लोग बड़े-बड़े होटल बना रहे हैं। होटल बनने से सुविधाओं में विस्तार होगा वहीं रोजगार के साधन भी विकसित होंगे लेकिन दबंग अपनी कमाई के लिए नदी-नालों पर अतिक्रमण करने से भी नहीं चूक रहे हैं। तिब्बती कैम्प नंबर दो के पास एक दबंग ने घुनघुट्टा नदी को पाटकर सीढ़ी व चबूतरा बना दिया है। ऐसा करने से होटल को आकर्षक लुक मिल गया है लेकिन घुनघुट्टा नदी नाला में तब्दील हो गई है। यहां नदी की चौड़ाई 100 फीट से अधिक थी जो निर्माण के बाद सिमटकर 20 फीट की हो गई है। इस तरह का अतिक्रमण घुनघुट्टा नदी के अस्तित्व के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है तथा भविष्य में लोगों को प्रकृति के कोप का भी सामना करना पड़ सकता है।

### उद्गम स्थल को बना दिया खेत

घुनघुट्टा नदी का उद्गम स्थल ग्राम कुदारीडीह है। नदी के उद्गम स्थल पर ग्रामीण ने जमीन पर कब्जा कर बड़े-बड़े खेत बना दिए हैं तथा बॉक्साइट की चट्टानों से घेर दिए हैं। कुछ लोगों ने वन अधिकार हासिल कर लिया जबकि अन्य लोग भूमि पर अपना कब्जा जमाकर खेती कर रहे हैं। अवैध अतिक्रमण के मामले में तिब्बती समाज के लोग भी पीछे नहीं हैं। तिब्बती समाज के लोगों ने भी सीमावर्ती क्षेत्र के शासकीय भूखण्डों को घेरकर खेत व दुकानें बना ली हैं। माण्ड नदी के सहायक रोपाखार एवं कुनिया से निकले नाला पर भी लोगों ने जगह-जगह कब्जा जमा लिया है। नाले को पाटकर खेत बना दिया है। मैनपाट से निकली मांड नदी पर ग्राम कदनई, करमहा, समनिया एवं घुनघुट्टा नदी पर ग्राम असगवां, पैगा, सुपलगा, करमहा, बीसरपानी में लोगो ने जगह-जगह कब्जा कर खेत बना लिया है जो भविष्य के लिए घातक हो सकता है।

### चिन्हांकन कर होगी कार्रवाई

प्रशासन द्वारा लगातार अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। नदी-नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-रवि राही
एसडीएम, सीतापुर



### प्राकृतिक आपदा से निपटने जारी हेल्पलाइन नंबर बंद, प्रभारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम द्वारा प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जारी हेल्पलाइन नम्बर बन्द होने से नाराज लोनिवि प्रभारी ने नोडल अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया। सभी निर्माण कार्यो को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने निर्देशित किया गया है। लोक निर्माण विभाग की साढ़े तीन घण्टे चली मैराथन बैठक में निगम के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जारी हेल्पलाइन नम्बर बन्द पाया गया। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने दिए गए नम्बर पर काल लगाकर देखा तो नम्बर बन्द था। नाराज लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने नोडल अधिकारी अभय साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कंट्रोल रूम में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी उपकरणों और मानव संसाधन को हर समय तैयार रहने निर्देशित किया। बैठक में राज्य और केंद्रीय प्रवर्तित मद, विधायक और पार्षद निधि और अन्य योजनाओं के काम की समीक्षा की गई। निगम क्षेत्र के सभी जोन इंजीनियर अपने क्षेत्रों की सड़कों के गड्ढो को चिन्हाकित कर जीएसबी मटेरियल और इमल्शन का इस्तेमाल कर भरेंगे। जिस निर्माण कार्य के किए निविदा की प्रक्रियापूरी कर स्वीकृति हो चुकी है उसे शीघ्र शुरू करने और जिनकी निविदा की प्रक्रिया नहीं हो पाई है उन कामों का टेंडर अविलंब जारी करने कहा गया है। रिंग रोड में सड़क बत्ती के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा जा रहा है। बैठक में सलाहकार समिति सदस्य श्रीमती पूर्णिमा सिंह, सुनैना सोनी, प्रभारी ईई सन्तोष रवि, एसडीओ, दुष्यंत बजाज समेत पार्षद और निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

- लोनिवि प्रभारी ने की कार्यों की समीक्षा, लापरवाही पर जताई नाराजगी

### स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा नहीं लौटी घर

**अम्बिकापुर।** स्कूल जाने के लिए घर से निकली छात्रा वापस नहीं लौटी। छात्रा के घर नहीं आने पर परिजन ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। शहर की 14 वर्षीया छात्रा निजी स्कूल में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करती है। गुरूवार की सुबह छात्रा स्कूल ड्रेस पहनकर घर से स्कूल जाने के लिए निकली। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी जब छात्रा घर नही आई तो परिजन स्कूल जाकर पता किया तो पता चला कि छात्रा स्कूल ही नहीं आई है। परिजन ने काफी खोजबीन के बाद घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई साथ ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 137 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सूखा बीत रहा आषाढ़, किसान परेशान



**बैकंठपुर।** आषाढ़ का महीना अब दो दिनों में खत्म होने को है, लेकिन इस दौरान तक जिले में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। वर्तमान में कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में जमा पानी सूख जा रहे हैं, जिसके कारण धान के रोपाई का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। वहीं कुछ दिनों से लगातार सुबह धूप निकल रही है और दोपहर होते आसमान में बादल छा रहे हैं और धूप-छांव की स्थिति बन रही है। कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को पसीने से तर-बतर होना पड़ रहा है। आसमान में बादल तो रोज दिन छा रहे हैं, लेकिन उमड़ते-घूमड़ते बादल बिन बरसे ही छँट जा रहे हैं। इस तरह की स्थिति जिलेभर में है, कुछ दिनों से बारिश के थम जाने के कारण सबसे ज्यादा चिंता किसानों हो रहा है।

- धान रोपाई कार्य प्रभावित, खेतों में पानी सूखा

### बारिश के अभाव में सूख रहे खेत

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से बारिश लगभग थम सी गई है। बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही है, इससे हालत यह हो ही है कि खेतों का जमा पानी सूखते जा रहा है, जिससे कि धान की रोपाई का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। ऐसी स्थिति में कई किसान पानी की व्यवस्था कर खेतों तक पानी लाकर रोपा कार्य कर रहे हैं, लेकिन जिस जगह पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है वहां पर किसान भगवान भरोसे ही है। धान की नर्सरी तैयार हो गई हैं।

### शहर में चंद मिनट की पड़ी बौछार

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में गुरूवार को अपरान्ह बाद चंद मिनट की बौछार पड़ी जो केवल जमीन को हल्का भिगोया, जबकि इस दौरान झमाझम बारिश की जरूरत है, ताकि खेतों में पानी का जमाव हो सके और कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल सके। जानकारी के अनुसार इस तरह की बौछार जिले के कई क्षेत्रों में पड़ी।

### जिले में खंड वर्षा की बनी है स्थिति

कोरिया जिले में इस वर्ष अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। बारिश रूक-रूक कर समय-समय पर हो रही है, वह भी किसी-किसी क्षेत्र में हो रही है। जिले में खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। स्थिति यह है कि शहर के एक हिस्से में बारिश हुई तो उसी दौरान दूसरे क्षेत्र में पूरी तरह सूखे की स्थिति है। ऐसा ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है।

## चोरका कछार में प्लाटिंग के नाम पर सागौन पेड़ों की कटाई, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चोरका कछार रजवार पारा में प्लाटिंग के दौरान अवैध रूप से सागौन पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। भूमि स्वामी द्वारा अवैध प्लाटिंग करने और पेड़ों की कटाई करने को लेकर कलेक्टर व डीएफओ को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अब इस मामले को लेकर युवक कांग्रेस ने भी कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की मांग की है।

शिकायतकर्ता महात्मा गांधी वार्ड के चोरकाकछार निवासी लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने ज्ञापन में बताया है कि खसरा नंबर 4918 पर स्थित सोहन राजवाड़े की भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग के दौरान जमीन समतलीकरण के नाम पर लक्ष्मी राजवाड़े और आस पास के भूमि स्वामियों के खेत की मेढ़ पर लगे सागौन और इमली के आधा दर्जन से अधिक पेड़ों को काटकर गिरा दिया गया। जब भूमि स्वामियों ने उसका विरोध किया तो उसने भूमिस्वामियों को धमकाकर भगा दिया।

ऐसे में अब भूमि स्वामियों ने मामले की शिकायत कलेक्टर व डीएफओ से की है। वहीं अवैध प्लाटिंग व पेड़ों की कटाई का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस घटना को लेकर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा है कि वार्ड को अवैध प्लाटिंग और बेतरतीब विकास का अड्डा बनने नहीं दिया जाएगा। राजनीतिक दबाव में यदि कार्रवाई नहीं हुई तो युवक कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।



रजवार पारा में प्लाटिंग के दौरान काटे गए पेड़।

## आरआरवीयूएनएल ने सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं को वितरित की साइकिल, पुस्तकें

**अम्बिकापुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, लखनपुर की छात्राओं को सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी के आतिथ्य में साइकिल वितरित किया गया। श्री श्रृंगी ने कक्षा 7वीं से 10वीं तक की 12 मेघावी छात्राओं को साइकिल एवं पुस्तकें वितरित की। समारोह में करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना एवं पुरस्कृत करना है। आरआरवीयूएनएल द्वारा उदयपुर और लखनपुर क्षेत्र में 50 साइकलों में से 24 सायकलों का वितरण आसपास के सरकारी स्कूलों में किया जा चुका है। इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज के क्लस्टर प्रमुख मनोज कुमार शाही, पीकेसीएल जयपुर से महेंद्र सिंह राठौर, कलस्टर हेड राम द्ववेदी, भूमि विभाग प्रमुख राजेश साव, बसंत यादव, सीएसआर प्रतिनिधि अमित राय उपस्थित थे।



## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वाहन की टक्कर, बाइक भिड़ंत की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए तीन लोगों की मौत हो गई। एक की निजी अस्पताल में जबकि दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम सोनपुर निवासी अभिषेक राम आ. सोनसाय (18 वर्ष) 6 जुलाई को गांव के ही राजेश व अनूप के साथ रथ यात्रा में शामिल होने ग्राम भेड़िया गए थे। शाम को तीनों बाइक से आने लगे तभी भेडिया मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथियों को मामूली चोटें आई। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगई निवासी सेवन सिंह आ. दखल सिंह (30 वर्ष) गुरुवार की शाम टमाटर लेने बाइक से दरिमा गया था। जैसे ही युवक हवाई पट्टी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में बतौली थाना अंतर्गत ग्राम भटको निवासी दिलीप कुमार आ. अलबना पावले (24 वर्ष) 10 जुलाई की दोपहर 3.30 बजे ट्रैक्टर लेकर खेत जुताई करने डांड़पारा जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर केचव्हील का चक्का निकल जाने से ट्रैक्टर से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्ट मार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## भाजपा के अभिनंदन समारोह में सम्मानित किए गए मतदाता, कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय मतदाता व कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह रामगढ़ में सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल के आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में अतिथियों ने मतदाता व कार्यकर्ताओं को भाजपा का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि आप समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही सरगुजा लोकसभा में हमें जीत मिली है तथा मुझे संसद में जनता की आवाज बुलंद करने का अवसर मिला है। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने अपने दम पर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जीत का परचम लहराया है। यह सिलसिला नगरीय व पंचायत चुनावों में भी जारी रहनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने तीनों विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम दिया है।

मतदाताओं ने भाजपा का साथ देकर जो भरोसा किया है उस पर खरा उतरना हम सबकी जवाबदारी है। कार्यक्रम को ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया तथा वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान अनिल सिंह, महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, आलोक दुबे, विजय व्यापारी, अभिषेक शर्मा, विकास पाण्डेय, दीपक तोमर, राजेन्द्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



